an>

Title: Need to immediately start the railway lines in Jamshedpur Parliamentary Constituency of Jharkhand.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर): सभापति महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर टाटानगर में रेल लाइन चालू किए जाने के विषय को आपके समक्ष रखना चाहता हूं। मेरा संसदीय क्षेत्र तीन राज्यों का बार्डर इलाका है, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिसा का बार्डर है। चांडील से पटौम्दा होकर झारग्राम तीन राज्यों पश्चिम बंगाल, ओडिसा और झारखंड को जोड़ेगा। चकुलिया-बोहरागुड़ा होकर बुरामरा उड़ीसा को जोड़ेगा, यह काफी पुरानी मांग है। टाटानगर से बदाम पहाड़ होते हुए क्योंझर जो ओडिसा को जोड़ेगा, इसे डबल लाइन करने की जरूरत है। तीनों रेल लाइन का कार्य काफी दिनों से पेन्डिंग है। मैं इस महत्वपूर्ण विषय को सदन में रख चुका हूं। आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करना चाहता हूं कि जनहित को देखते हुए तीनों रेल लाइनों को अविलंब चालू किया जाए, जिससे लोगों के आने-जाने और उद्योग चलाने में कठिनाई न हो।

माननीय सभापति :

श्री कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री विद्युत वरन महतो द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।